RAF SECTOR

NEWS CLIP

04/10/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan news , Aligarh (U.P)

आरएएफ बटालियन के प्रांगण में गुरुवार को हुई पांच किमी दौड़ के आयोजन में जवानों का उत्साह बढ़ाते कमांडेंट अजय कुमार शर्मा साथ हैं अधिकारीगण

फिट इंडिया को बनाएं जन आंदोलन : कमांडेंट

अलीगढ़। फिट इंडिया अभियान के तहत आरएएफ बटालियन प्रांगण में पांच किमी दौड़ का आयोजन किया गया। कमांडेंट अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में जवान और कैंपस में रह रहे बच्चों ने भी इस दौड़ में भाग लिया। कमांडेंट ने बताया कि आज देश की जरूरत है कि फिट इंडिया को जन आंदोलन बनाया जाए। इससे स्पोर्ट्स में जो युवा खिलाड़ी देश में नाम रोशन कर रहे हैं, उससे उनका हौसला बढ़ेगा। जीवन को बेहतर बनाने के लिए एवं स्वस्थ जीवन जीने के लिए यह बहुत ही जरूरी है। इस ईवेंट का उद्देश्य कोरोना के समय में लोगों के बीच फिटनेस को लेकर जागरुकता पैदा करना है।

Inqalabi Najar, Lucknow (U.P)

सीआरपीएफ परिसर में बैण्ड का प्रदर्शन

लखनऊ (ब्यूरो)। द्रुत कार्य बल का 28वें वर्षगांठ 7 अक्टूबर को सीआरपीएफ एकेडमी गुड़गांव में आयोजित किया जाएगा।

वर्षगांठ समारोह के उपलक्ष्य में महानिरीक्षक द्रुत कार्य बल के निर्देश पर ग्रुप केन्द्र, सीआरपीएफ लखनऊ स्थित 91 बटालियन में सीआरपीएफ बैण्ड का प्रदर्शन किया गया। बैण्ड के प्रदर्शन के दौरान मौजूद बटालियन के कमाण्डेन्ट अमिताभ कुमार ने प्रदर्शन की सराहना करते हुए देश भर में द्रुत कार्य बल के कामों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि द्रुत कार्य बल आगामी वर्षों में भी इसी तरह से सराहनीय काम करता रहेगा। इस मौके पर उपकमाण्डेन्ट सर्वेन्द्र सिंह, उपकमाण्डेन्ट राम प्रकाश, सहायक कमाण्डेन्ट डी.आर. खान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

First Eye News, Lucknow (U.P)

बिजनौर। (फर्स्ट आई ब्यूरो) लखनऊ स्थित बटालियन द्रुत कार्य बल ने फिट इंडिया मूवमेंट के तहत स्वस्थ्य रहने के लिए फिडम दौड़ का आयोजन 1 सितंबर 2020 से 2 अक्टूबर 2020 तक किया गया।

दौड़ के अंतिम दिन मुख्य अतिथि कमांडेंट अमिताभ कुमार 91 बटालियन द्रुत कार्य बल ने अधिकारियों व जवानों को संबोधित करते हुए शारीरिक तुदुरुस्ती को ही सबसे बड़ी पूंजी बताया एवं नियमित व्यायाम, दौड़ व योग को दिनचर्या में शामिल करने को कहा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य रहेगा हर व्यक्ति तभी तो आगे बढ़ेगा देश। कमांडेंट द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट में शामिल सभी अधिकारियों व जवानों को भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर उपकमांडेंट सर्वेंद्र सिंह, राम प्रकाश व सहायक कमाण्डेंट दानिश रजा खान, विकास कुमार सिंह एवं वाहिनी के अन्य अधीनस्थ अधिकारी व जवान शामिल रहे।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।